रमेश वर्मा, भा.प्र.से.
एवं सचिव (राजभाषा)
Ramesh Verma, IAS
Secretary(Official Language, Education & Tourism)

संघ प्रदेश दमण एवं दीव और
दादरा एवं नगर हवेली,
सचिवालय, मोटी दमण - 396 220
Union Territories of Daman & Diu and
Dadra Nagar Haveli,
Secretariat, Moti Daman – 396 220

सं. रा.भा. 11(3)/हिन्दी दिवस-खण्ड-IV/07-14/ १२२ दिनांक : 08/09/2014

विषय : हिन्दी पखवाडा का समापन एवं हिन्दी दिवस समारोह, 2014 का आयोजन

संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन, राजभाषा विभाग द्वारा इस वर्ष 27 अगस्त से 12 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा एवं 15 सितम्बर को हिन्दी दिवस व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है । सरकारी कामकाज हिन्दी में करने के लिए आदर्श वातावरण तैयार करने एवं हिन्दी के प्रयोग को सतत् रूप से बढ़ाने के उद्देश्य से उक्त अवधि में विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । पूर्व वर्षो की भॉति इस वर्ष भी ये कार्यक्रम एक दृढ़ संकल्प के साथ आयोजित किये जा रहे हैं, ताकि संविधान की भावना के अनुरूप तथा भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार सरकारी कामकाज को हिन्दी में करने के लिए प्रेरणा मिल सके ।

दिनांक 15/09/2014 को प्रशासन द्वारा हिन्दी दिवस मनाया जाएगा । इस अवसर पर पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिता में सफल प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित किये जाएंगे । यह राजभाषा हिन्दी की प्रतिष्ठा का दिवस है । राजभाषा हिन्दी में काम करने के हमारे संवैधानिक कर्तव्य को बनाये रखने के लिए हम सबको एकजुट होकर इस दिवस को आत्मीय भाव से मनाने की आवश्यकता है । मैं आशा करता हूँ कि प्रशासन के सभी अधिकारीगण, दमण एवं दीव स्थित केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों एवं राष्ट्रीयकृत बैंको के सभी अधिकारीगण अपने कर्मचारियों के साथ इस समारोह में उपस्थित रहकर इसे सफल बनाने में सहयोग देंगे ।

(रमेश वर्मा)
सचिव (राजभाषा)

सेवा में,

1. सभी कार्यालयाध्यक्ष, दमण एवं दीव ।
2. सभी केन्द्रीय सरकारी कार्यालय एवं राष्ट्रीयकृत बैंक, दमण ।
3. कार्यालय प्रति ।